भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2838
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार के लिए स्वीकृत पर्यटन परियोजना

†2838. श्री चन्देश्वर प्रसादः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए हाल ही में शुरू की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान बिहार में विशेषकर जहानाबाद, गया और अरवल जिलों में पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत/कार्यान्वित की जा रही प्रत्येक पर्यटन परियोजना का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपरोक्त परियोजनाओं के कारण सृजित की गई/सृजित किए जाने के लिए प्रस्तावित रोजगार क्षमता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय अपनी चल रही योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। इसके अतिरिक्त देश में पर्यटन अवसंरचना का विकास करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों के आयोजन के लिए भी राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता देता है।

विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता विविध पर्यटन सम्बन्धी क्षेत्रों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

उपरोल्लिखित योजनाओं के तहत पिछले पाँच वर्ष में बिहार राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का उनकी स्थिति सहित विवरण अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

बिहार के लिए स्वीकृत पर्यटन परियोजना के सम्बन्ध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2838 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

बिहार राज्य में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत राशि:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	बिहार	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96	30.04
2.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवड़िया मार्ग का विकास : सुल्तानगंज - धर्मशाला – देवघर	44.76	42.52
3.	बिहार	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	93.22
4.	बिहार	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा - चंद्राहिया – तुर्कोलिया का विकास	44.27	39.96
5.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32

बिहार राज्य में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत राशि:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि
1.	बिहार	पटना साहिब का विकास**	2015-16	41.54	33.23
2.		विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास**	2014-15	4.27	2.91

** परियोजना पूर्ण हो गई है।

"पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता" योजना के तहत बिहार राज्य में निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों को स्वीकृति दी गई है:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परियोजनाओं का नाम (रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन सुविधाओं का संयुक्त विकास)	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि

1.	गया रेलवे स्टेशन	5.18	4.14

बिहार राज्य में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों के लिए स्वीकृत राशि:-

(लाख रु. में)

क्र. सं.	वर्ष	मेलों और महोत्सवों का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	2019-20	सोनपुर मेला और राजगिर महोत्सव	50.00	50.00

****